-

<u>प्रसार भारती</u>

<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

<u>23.12.2025 / संजय / 11:00बजे</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

सांसद सुरेश कश्यप ने विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण जी–राम–जी विधयेक के माध्यम से योजना में किये गए बदलावों का स्वागत किया है। सुरेश कश्यप ने कहा कि मनरेगा में करीब 20 वर्षों के बाद ये सुधार हुआ है जिससे योजना को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया जायेगा।

*विपक्ष बेवजह इसको मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहा है मनरेगा की बात है जो पहले नरेगा होता था उसको बाद में मनरेगा का नाम दिया गया कि सितंबर 2005 में इसकी शुरुआत हुई थी और अभी 20 साल पूरे होने के ऊपर इसमें जो व्यापक सुधारो की आवश्यकता थी उसको लेकर केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया में धन्यवाद करता हूं माननीय प्रधानमंत्री जी नरेंद्र मोदी जी का जिन्होंने कि मनरेगा में जो व्यापक स्तर के ऊपर भ्रष्टाचार हो रहा था जिस प्रकार से फर्जी जॉब कार्ड बनाए जा रहे थे समय के ऊपर पेमेंट नहीं हो रही थी और जिस प्रकार से प्रोडक्टिविटी स्कीम के माध्यम से होनी चाहिए थी वह नहीं हो रही थी उसी को लेकर इसमें व्यापक सुधार अभी किए गए हैं।*

प्रदेश से जुड़े राष्ट्रीय राजमार्गों के मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने लोकसभा और राज्यसभा में बार–बार मजबूती से उठाया है जिस पर केंद्र सरकार ने प्रदेश में राजमार्गों के निर्माण व रखरखाव में कोई कमी नहीं रखी है। ये बात भाजपा नेता व पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल ने कही। उन्होंने बताया कि संसद में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बीते मानसून के दौरान हिमाचल प्रदेश में 50 हजार मीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त हुए जिसकी स्थायी बहाली के लिए केंद्र ने 513 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इसके अलावा केवल किरतपुर–मनाली कॉरिडोर पर ही लगभग 544 करोड़ की परियोजनाएं स्वीकृत अथवा प्रक्रियाधीन हैं।

वाकाथॉन

प्रदेश में चिटटे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत 26 दिसंबर को बिलासपुर में महा वाकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। वाकाथॉन के आयोजन की तैयारियों को लेकर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने एक बैठक की और सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिमला, धर्मशाला और हमीरपुर के बाद अब जिला बिलासपुर में यह चौथा बड़ा आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाएंगे।

*एंटी चिट्टा वॉकाथॉन बिलासपुर में रखा गया है। यह चौथा आयोजन है। उम्मीद है इसमें 15000 से ज्यादा युवा बिलासपुर के भाग लेंगे इसका मकसद यही है कि बच्चों में जागरूकता आए और समाज के जो जिम्मेदार व्यक्ति हैं वह भी अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हो ताकि जो ड्रग पैडलर हैं उन्हें पकड़ा जा सके और सप्लाई चेन को तोड़ा जा सके।*

अग्निकांड

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी के गांव पेखड़ी में भीषण अग्निकांड से 2 रिहायशी मकान और 5 गौशालाएं जलकर राख हो गई। बीते कल हुई इस घटना में पानी की भारी कमी के बावजूद ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से आग को फैलने से रोकने की कोशिश की। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

रोजगार

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई विदेश रोजगार योजना के तहत चयनित युवाओं को सुरक्षित, पारदर्शी और सम्मानजनक तरीके से विदेशों में नौकरी के अवसर मिल रहे हैं। मंडी जिला में आयोजित साक्षात्कार के दौरान कुल 49 युवाओं का चयन किया गया है, जिन्हें आकर्षक वेतन के साथ आवास और अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। इस योजना ने उन युवाओं के लिए नई उम्मीद जगाई है जो आर्थिक कारणों से अब तक विदेश में काम करने का सपना पूरा नहीं कर पा रहे थे

विधानसभा सीट

चंबा जिला की चुराह विधानसभा सीट को अनारक्षित करने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमण्डल ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में चुराह सीट को अनारक्षित करने की मांग उठाई गई है। लोगों का कहना है कि चुराह विधानसभा सीट पिछले 70 वर्षो से एक ही वर्ग के लिए आरक्षित है जिससे अन्य वर्गों को प्रतिनिधित्व का मौका नहीं मिल पा रहा है।

हिम एम एस एम ई

राजधानी शिमला को उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति का नया केंद्र बनाने के लिए प्रदेश उद्योग विभाग की ओर से हिम एमएसएमई फेस्ट–2026 का आयोजन किया जा रहा है। उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आर डी नजीम ने बताया कि नए वर्ष में 3 जनवरी से शिमला में ये फेस्टिवल आयोजित होगा जिसमें हजारों छोटे कारोबारियों, कारीगरों, महिला उद्यमियों और स्टार्टअप युवाओं को निवेशकों और उद्योग जगत के दिग्गजों से मिलने का मौका मिलेगा और एक बड़ा व्यापारिक मंच प्राप्त होगा।